

## विषय-सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | भारत का नव-निर्माण | 5 |
| 2. | सच्ची सेवा | 12 |
| 3. | अपना हाथ जगन्नाथ | 20 |
| | अच्छाई और बुराई (पठन हेतु) | 28 |
| 4. | हम हैं बच्चे | 30 |
| ● | अभ्यास प्रश्न-पत्र | 36 |
| 5. | गोल-मटोल अनमोल | 39 |
| 6. | सबका साथी | 49 |
| | जाति का प्रभाव (पठन हेतु) | 56 |
| 7. | करो न नटखट-सी शैतानी | 60 |
| 8. | हिम्मत न हारो | 67 |
| ● | अभ्यास प्रश्न-पत्र | 74 |
| 9. | चंदा मामा और हम | 76 |
| | चिंटू की सूझबूझ (पठन हेतु) | 84 |
| 10. | पाप से घृणा करो, पापी से नहीं | 86 |
| 11. | बादल | 94 |
| 12. | धरती को सुंदर बनाएँ | 100 |
| | रीता और मीता (पठन हेतु) | 108 |
| ● | अभ्यास प्रश्न-पत्र | 110 |
| 13. | जल ही जीवन है | 113 |
| 14. | होली : मस्ती व हर्षोल्लास का त्योहार | 123 |
| 15. | युग की आज पुकार यही है | 132 |
| | आज़ादी के दीवाने (पठन हेतु) | 137 |
| 16. | धोखेबाज़ सियार | 138 |
| | बोलो कौन (पठन हेतु) | 146 |
| | कबड्डी (पठन हेतु) | 148 |
| ● | अभ्यास प्रश्न-पत्र | 151 |







# भारत का नव-निर्माण



Map not to scale

जय-जय भारत-देश महान,
अनेक वीरों का जन्म-स्थान।
हम बच्चों को ही है करना,
भारत का भविष्य निर्माण।




एक कर्ज़ हमें चुकाना है,
सब झगड़ों को सुलझाना है।
बिना शर्त सबको अपनाना है,
भारत को खुशहाल बनाना है।




बच्चों के कोमल मानस-पटल पर देश-प्रेम की भावना विकसित करें। सभी धर्मों के बच्चों को एक साथ भेद-भाव से मुक्त कराकर नव-भारत के निर्माण हेतु प्रेरित करें।



करेंगे ऐसे भारत का निर्माण,
होगा जहाँ सबका सम्मान।
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
रहेंगे सब बनकर भाई।





नए युग, नए दौर में,
वक्त का है यह फ़रमान।
अनेक होकर भी एक हम,
यही है भारत का नव-निर्माण।





## शब्दार्थ

वीर—बहादुर व्यक्ति; इनसान—मनुष्य; नव—नया;
अनेक—बहुत से; सम्मान—आदर;
भविष्य—आनेवाला समय; फ़रमान—माँग, आदेश।

## अभ्यास-कार्य

### मौखिक प्रश्न

1. **सही उच्चारण कीजिए—**

   महान, जन्म-स्थान, भविष्य, निर्माण,
   झगड़ा, सुलझाना, सम्मान, फ़रमान

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए—**

   क. भारत-देश किस प्रकार के लोगों का जन्म-स्थान है?

   ख. बच्चों को क्या चुकाना है?

   ग. 'अनेक होकर भी एक हम' किसका फ़रमान है?

   घ. भारत का नव-निर्माण से क्या तात्पर्य है?



## लिखित प्रश्न

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

क. भारत को खुशहाल कैसे बनाया जा सकता है?

........................................................................................................

........................................................................................................

ख. कवि किन्हें भाई बनकर रहने के लिए कहता है?

........................................................................................................

........................................................................................................

ग. भारत का नव-निर्माण किसके द्वारा संभव है?

........................................................................................................

........................................................................................................

घ. कवि के अनुसार समय की क्या माँग है?

........................................................................................................

........................................................................................................

ङ. 'भारत में अनेकता में एकता है' वाली पंक्ति को लिखिए।

........................................................................................................

........................................................................................................





**2. उचित विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

क. भारत देश महान है क्योंकि–

(i) भारत बहुत बड़ा देश है। ☐ (ii) भारत बहुत लघु देश है। ☐

(iii) यह अनेक वीरों का जन्म-स्थान है। ☐

ख. भारत का कर्ज़ कैसे चुकाया जा सकता है?

(i) बहुत सारा धन देकर। ☐ (ii) सब झगड़े समाप्त कर। ☐

(iii) बहुत सारा उधार लेकर। ☐

ग. भारत का नव-निर्माण कब होगा?

(i) जब सब नया-नया होगा। ☐ (ii) जब सब मिल-जुलकर रहेंगे। ☐

(iii) जब भारत को फिर से बनाया जाएगा। ☐

**3. कविता को पढ़कर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

क. हम बच्चों को ही है करना, ........................................

ख. करेंगे ऐसे भारत का निर्माण, ........................................

ग. हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, ........................................

घ. नए युग, नए दौर में, ........................................

ङ. अनेक होकर भी एक हम, ........................................





## भाषा-बोध

4. निम्नलिखित शब्दों की सहायता से पंक्तियाँ बनाइए–

अनेक ..............................

भविष्य ..............................

निर्माण ..............................

ईसाई ..............................

सम्मान ..............................

फ़रमान ..............................

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| वीर .............. | स्वर्ग .............. | जन्म .............. |
| नव .............. | छोटा .............. | उलझाना .............. |
| अनेक .............. | भविष्य .............. | निर्माण .............. |

6. इन शब्दों को पढ़िए और लिखिए–

| | |
|---|---|
| सम् + मान = सम्मान | सम् + मोहन = .............. |
| सम् + मेलन = .............. | सम् + मति = .............. |
| सम् + मुख = .............. | सम् + मोद = .............. |







## क्रिया-कलाप

1. भारतीय झंडे के तीन रंग किस बात के प्रतीक हैं? बताइए।

2. भारतीय तिरंगे का चित्र बनाकर उसमें सही रंग भरिए–

# गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल, चास

## कक्षा- III   सत्र- २०२०-२१, साप्ताहिक हिन्दी कार्य

* पाठ-१ से कविता को कंठस्थ करें, शब्दार्थ तथा मौखिक प्रश्न-उत्तर को लिखें एवं याद करें।

* भारतीय तिरंगे का चित्र बनाकर उसमें सही रंग भरें। (क्रिया- कलाप के लिए)